प्रेस नोट

दिनांक 24.02.2026

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित।

आज दिनांक 24.02.2026 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा आगामी त्योहार रमजान, ईद-उल-फितर एवं होली के दृष्टिगत जनपद स्तरीय पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार, हमीरपुर में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, मस्जिदों के प्रबंधकों, ताजियादारों, पीस कमेटी सदस्यों तथा प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाए जाने की अपील करते हुए कहा कि पर्व शांति, संयम एवं आस्था के प्रतीक हैं, अतः किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रम या वैमनस्य को फैलने न दिया जाए। सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई तथा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में ताजिया जुलूसों के मार्ग का पूर्व निर्धारण एवं अनुमति, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन कैमरा व सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी तथा जुलूस मार्ग पर बैरिकेडिंग एवं ट्रैफिक व्यवस्था जैसे बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

पुलिस अधीक्षक महोदया ने बताया कि प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं तथा आमजन से सहयोग की अपेक्षा की गई ताकि सभी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारीगण, समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।